## खबर संक्षेप

### दीक्षा गौतम बनी टापर

**दमुआ।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय- कालीछापर 12 वीं 2026 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का वार्षिक बोर्ड परिणाम घोषित हुआ उ०मा० विद्यालय की संस्थागत छात्रा दीक्षा गौतम पिता डा. महेंद्र प्रताप गौतम माता आशा गौतम ने 86.8% अंक पाकर विद्यालय मे अव्वल स्थान प्राप्त किया इन्होंने विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा माता–पिता के अच्छे मार्गदर्शन व डा. बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जी तथा शिक्षा की देवी माता सावित्री बाई फूले के जीवनी से प्रेरणा पाकर अपने कठिन मेहनत से अच्छी सफलता पाने का श्रेय दिया। इन्होने 2024 के 10 वीं मे 91.2% अंक हासिल कर अपने नगर पालिका क्षेत्र व विद्यालय के मुख्य मंत्री कोष से योजना के अंतर्गत लैपटॉप और स्कूटी प्राप्त करने का हकदार बन क्षेत्र का गौरव बढ़ाई।



### भाषण प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** आकाशवाणी के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित "आकाशवाणी @ 90" युवा आउटरीच इनिशिएटिव के अंतर्गत विगत दिवस शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छिंदवाड़ा में आकाशवाणी छिंदवाड़ा के तत्वाधान में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिकारी दीपांकर तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी अमोल शेंडे तथा संस्था के प्राचार्य शुभम नीमजे उपस्थित थे।

## शहर में प्रशासन की कड़ी कार्रवाई

# अवैध कॉलोनियों पर सख्त प्रहार: प्रशासन का बड़ा एक्शन, छह कॉलोनाइजरों पर शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

शहर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ नगरीय प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। लगातार मिल रही शिकायतों और गहन जांच के बाद नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय ने बिना वैधानिक अनुमति विकसित की जा रही 6 कॉलोनियों को अवैध घोषित कर दिया है। इस निर्णय ने न केवल कॉलोनाइजरों में हड़कंप मचा दिया है, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है कि नियमों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### जांच में सामने आई गंभीर अनियमितताएं

राजस्व विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा की गई विस्तृत जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में पाया गया कि संबंधित भू-स्वामियों ने कृषि भूमि को बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के छोटे-छोटे प्लॉट में विभाजित कर उनका विक्रय शुरू कर दिया। यह न केवल नियमों का उल्लंघन था, बल्कि खरीदारों के हितों के साथ भी सीधा खिलवाड़ था।मौके पर की गई निरीक्षण कार्रवाई, पटवारी रिपोर्ट और पंचनामा के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि इन कॉलोनियों का विकास पूरी तरह से अवैध तरीके से किया जा रहा था।

### इन कॉलोनाइजरों पर गिरी गाज

कार्रवाई की जद में आए भू-स्वामियों में श्री अरविन्द (पिता हरिराम), श्री संतोष (पिता रब्बा), श्री राजेश परानी (पिता सूरज परानी), श्री रतनु (पिता मखना), श्री महेन्त कुमार उइके (पिता प्रेमचंद उइके) और श्रीमती शांति (पति राम धुर्वे) शामिल हैं। इन सभी के अलग-अलग खसरा नंबर और भूमि क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं, जिन पर अवैध रूप से प्लॉटिंग कर बिक्री की जा रही थी।

### नियमों की खुली अवहेलना

जांच प्रतिवेदन के अनुसार, इन कॉलोनाइजरों ने न तो भूमि का डायवर्जन कराया, न ही रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) में पंजीकरण कराया और न ही कॉलोनी विकास के लिए आवश्यक लाइसेंस प्राप्त किया। यह सभी कार्य मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास नियम 2021) के तहत अनिवार्य हैं।प्रशासन ने इसे नियमों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया है। इससे यह साफ हो गया है कि अब बिना अनुमति कॉलोनी विकसित करने वालों को किसी भी प्रकार की राहत नहीं मिलने वाली।

### नोटिस के बाद भी नहीं सुधरे हालात

नगर निगम द्वारा संबंधित कॉलोनाइजरों को पहले कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। उनसे अपेक्षा की गई थी कि वे अपने पक्ष में उचित जवाब प्रस्तुत करें और आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं। लेकिन उनके जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए।इसके बाद अंतिम नोटिस जारी कर स्पष्ट चेतावनी भी दी गई, लेकिन निर्धारित समय-सीमा में भी उचित प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर प्रशासन ने कड़ा कदम उठाते हुए इन कॉलोनियों को अवैध घोषित कर दिया।

### एफआईआर और कानूनी कार्रवाई का रास्ता साफ

मध्यप्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास नियम 2021) की कंडिका 22(4) के तहत अब संबंधित कॉलोनाइजरों के खिलाफ पुलिस थाने में प्राथमिकी (**FIR**) दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। इसके साथ ही अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी, जिसमें जुर्माना, निर्माण कार्य पर रोक और संपत्ति सील करने जैसे कदम शामिल हो सकते हैं।यह कार्रवाई उन लोगों के लिए चेतावनी है, जो नियमों की अनदेखी कर अवैध कॉलोनियों का निर्माण करते हैं।

### आम नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण चेतावनी

नगर निगम आयुक्त ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी कॉलोनी में निवेश करने से पहले उसकी वैधानिक स्थिति की पूरी जांच करें। खासतौर पर यह सुनिश्चित करें कि कॉलोनी का रेरा पंजीकरण हुआ है या नहीं, भूमि का डायवर्जन वैध रूप से किया गया है या नहीं, और कॉलोनाइजर के पास आवश्यक लाइसेंस मौजूद है या नहीं।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियों में निवेश करने पर नागरिकों को भविष्य में गंभीर कानूनी और आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।




### शहर के विकास पर सकारात्मक प्रभाव

इस प्रकार की सख्त कार्रवाई से शहर के नियोजित विकास को बढ़ावा मिलेगा। अवैध कॉलोनियों के कारण न केवल बुनियादी सुविधाओं की कमी होती है, बल्कि शहर की व्यवस्था भी प्रभावित होती है। सड़क, पानी, बिजली और सीवरेज जैसी सुविधाएं सही तरीके से विकसित नहीं हो पातीं।प्रशासन की यह पहल सुनिश्चित करेगी कि शहर में केवल वैध और सुव्यवस्थित कॉलोनियों का ही विकास हो।

### भविष्य में और भी सख्ती के संकेत

नगर निगम के इस कदम से यह स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि आने वाले समय में अवैध निर्माण और कॉलोनियों के खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन अब तकनीकी जांच, फील्ड निरीक्षण और जन शिकायतों के आधार पर ऐसे मामलों को तेजी से निपटाने की दिशा में काम कर रहा है।

## महान धनुर्धर और समर्पण के प्रतीक महात्मा एकलव्य की नवनिर्मित प्रतिमा का विधि विधान से किया अनावरण

**हरिभूमि न्यूज, हर्रई।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई ( **EMRS** ) मैं बीते दिन उत्साह और भक्ति का वातावरण रहा। विद्यालय परिसर में महान धनुर्धर और समर्पण के प्रतीक, महात्मा एकलव्य, की नवनिर्मित प्रतिमा का विधि विधान से अनावरण किया गया 28 अप्रैल 2026 को आयोजित इस गरिमामयी समारोह का नेतृत्व विद्यालय के प्राचार्य श्री धर्मराज ने किया। जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा अर्चना के साथ हुई। इसके बाद प्राचार्य महोदय द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रेरणा का स्रोतइस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री धर्मराज ने कहा कि- एकलव्य की प्रतिमा न केवल विद्यालय की शोभा बढ़ाएगी बल्कि विद्यार्थियों को एकाग्रता, अटूट श्रद्धा और कठोर परिश्रम की प्रेरणा भी देगी। उन्होंने कहा कि एकलव्य का जीवन हमें सिखाता है कि बिना संसाधनों के भी यदि संकल्प,दृढ हो तो लक्ष्य प्राप्ति संभव है। विद्यार्थियों में उत्साहप्रतिमा अनावरण के दौरान विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा गया विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि यह कदम स्थानीय जनजातीय संस्कृति और गौरव को सहजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

## नव आगंतुक छात्रों के स्वागत से गुंजायमान हुआ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय



**हरिभूमि न्यूज, हर्रई।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हर्रई के सभा कक्ष में कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले नवीन विद्यार्थियों के स्वागत हेतु एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों को विद्यालय के वातावरण से परिचित कराना तथा उन्हें विद्यालय परिवार का अभिन्न अंग बनाना था। कार्यक्रम के दौरान सभी नए विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही उन्हें विद्यालय की व्यवस्थाओं नियमों एवं शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिससे वे सहजता के साथ अपने नए शैक्षिक जीवन की शुरुआत कर सके। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य श्री धर्मराज ने बच्चों को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों के साथ शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण सदस्य बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं स्टाफ के सहयोग से एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायक वातावरण निर्मित हुआ। जिससे नव प्रवेशी विद्यार्थियों में उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ। इस प्रकार यह स्वागत कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और विद्यार्थियों के लिए एक यादगार शुरुआत साबित हुआ।

## बजरंग दल ने अनुशासनहीनता करने वाले कार्यकर्ताओं पर की कार्यवाही, वर्तमान दायित्वों से किया मुक्त

**हरिभूमि न्यूज, छिंदवाड़ा।** बुधवार की रात स्थानीय मानसरोवर कॉम्पलेक्स बस स्टैंड के समक्ष बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बीच आपसी विवाद और अनुशासनहीनता की घट ना के संगठन ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आपसी विवाद संगठन की गरिमा, अनुशासन और कार्य पद्धति के सर्वथा विपरीत है। इस कृत्य पर विचार करने के लिए गुरूवार को जिला टोली की आवश्यक बैठक करते हुए युवराज सूर्यवंशी नगर मंत्री, कवलजीत बग्गा सह नगर मंत्री, सागर डेहरिया सह नगर मंत्री, निलेश चंद्रवंशी जिला विद्यार्थी प्रमुख को उनके वर्तमान दायित्वों से तत्काल प्रभाव से मुक्त किया गया है। बजरंग दल के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि बजरंग दल अनुशासन और राष्ट्र सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। अनुशासन भंग करने वाले और संगठन की गरिमा के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए संगठन में कोई स्थान नहीं है। इसलिए इन चार पदाधिकारियों को प्रभाव मुक्त करते हुए संगठन की गतिविधियों से दूर रहने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही यह संदेश भी दिया गया है आगामी समय में कोई भी कार्यकर्ता इस तरह का व्यवहार न करे। अन्यथा उसे भी कठोर कार्यवाही का शिकार होना पड़ेगा।

## सांसद के जन्मदिन पर 108 यूनिट ब्लड डोनेशन का बना इतिहास



**हरिभूमि न्यूज, छिंदवाड़ा।** सासंद विवेक बंटी साहू के 47 वे जन्मदिन के अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के द्वारा रक्तदान महाशिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 108 यूनिट रक्तदान हुआ।रक्त दान की प्रकिया जिला अस्पताल ब्लड बैंक टीम ने की ।महाशिविर में सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने रक्तदान किया इसके अलावा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ कृष्ण हरजानी, महामंत्री डॉ हितेश मिश्रा, डॉ मयंक साहू, डॉ शुभम वर्मा तथा युवा मोर्चा से रवि मालवी इत्यादि युवाओं ने रक्तदान कर सेवा दिवस को सफल बनाया।शिविर में डॉक्टर्स,व्यवसाई मातृशक्ति एवं युवा शक्ति ने बड़ी संख्या मे रक्तदान किया ।चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ कृष्ण हरजानी ने बताया कि कुल 108 यूनिट रक्तदान हुआ तथा रक्तदान के साथ सभी रक्तदाताओं को लस्सी पिलाकर तथा प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया।जिला संयोजक डॉ हरजानी द्वारा इस महादान के लिए सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद कर कृतज्ञता व्यक्त की गई। तथा सभी सहयोगियों युवा साथियों का आभार किया।सांसद ने चिकित्सा प्रकोष्ठ छिंदवाड़ा की इस एक्टिविटी की सराहना की और कहा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा और भी सेवा शिविर लगाए जाएं।इस अवसर पर डॉ हितेश मिश्रा, डॉ मयंक साहू डॉ राजेश राय, डॉ अखिलेश धारे, डॉ भोला यादव डॉ अरविंद पसीने डॉ कोमल जायसवाल एवं सुरेश माधवानी, तुलसी परसवानी, संतोष लालवानी, नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टू मंडराह तथा अन्य चिकित्सक एवं गणमान्य नागरिक जन युवा कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए और सांसद श्री साहू को जन्मदिन की बधाई दी .सेवा दिवस पर चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा मसालेदार छाछ एवं लू से बचाव हेतु जेब में रखने के लिए प्याज का वितरण भी किया गया।

## गेहूं खरीदी केंद्रों पर नियमों की अनदेखी: पानी-टेंट का अभाव, तौल में गड़बड़ी और भुगतान में देरी से किसान परेशान

**चन्हियाकला, बनगांव सहित कई केंद्रों पर शिकायतें, प्रति क्विंटल अवैध वसूली और 1–2 किलो की हेराफेरी के आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

जिले की सहकारी समितियों द्वारा संचालित गेहूं खरीदी केंद्रों पर इस बार व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आ रही है। चन्हियाकला, बनगांव, छुई और नेर क्षेत्र के कई खरीदी केंद्रों से किसानों की लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। किसानों का आरोप है कि शासन द्वारा तय किए गए नियमों और सुविधाओं का पालन नहीं किया जा रहा, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानी झेलनी पड़ रही है। गेहूं खरीदी केंद्र वेयर हाऊस जमुनिया में स्थित है।

सबसे बड़ी समस्या बुनियादी सुविधाओं की है। किसानों का कहना है कि खरीदी केंद्रों पर ना तो पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था है और ना ही टेंट या छांव की सुविधा उपलब्ध है। जबकि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसानों को धूप और गर्मी से बचाने के लिए टेंट तथा पानी की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके बावजूद कई केंद्रों पर किसान खुले आसमान के नीचे घंटों अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी में यह स्थिति किसानों के लिए किसी परीक्षा से कम नहीं है।



इसके अलावा तौल प्रक्रिया में भी गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। किसानों का कहना है कि प्रत्येक बोरी में 1 से 2 किलो तक का अंतर जानबूझकर रखा जा रहा है। यानी जितना गेहूं किसान लेकर आता है, उससे कम तौल दर्ज की जा रही है। यह अंतर भले ही कम दिखाई देता हो, लेकिन बड़ी मात्रा में गेहूं बेचने वाले किसानों के लिए यह बड़ा नुकसान बन जाता है। किसान बताते हैं कि एक-एक दाना हम बड़ी मेहनत से पैदा करते हैं, ऐसे में सामने ही तौल में हेराफेरी होना बेहद दुखद है। हालांकि कई किसान इस अनियमितता के खिलाफ खुलकर बोल नहीं पाते, लेकिन अंदर ही अंदर नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि यदि वे विरोध करते हैं, तो उनकी खरीदी में देरी की जाती है या अन्य प्रकार की परेशानियां खड़ी कर दी जाती हैं। इस कारण वे मजबूरी में इन गड़बड़ियों को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि नियमों के अनुसार यह स्पष्ट रूप से अपराध की श्रेणी में आता है।

### भुगतान में देरी बनी समस्या

भुगतान में देरी भी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है। शासन द्वारा किसानों को 10 दिनों के भीतर भुगतान करने का प्रावधान है, लेकिन कई किसानों ने बताया कि 15 दिन से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उन्हें अभी तक पूरा भुगतान नहीं मिला है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है, क्योंकि वे इसी पैसे पर आगे की खेती और घरेलू खर्च की योजना बनाते हैं। इसके साथ ही प्रति क्विंटल अवैध वसूली का मामला भी सामने आया है। किसानों के अनुसार उनसे प्रति क्विंटल लगभग 8 रुपए अतिरिक्त लिए जा रहे हैं। उनका कहना है कि कुल 24 रुपए की राशि ली जा रही है, जिसमें से 16 रुपए शासन द्वारा निर्धारित हैं, लेकिन बाकी 8 रुपए किसानों से जबरन वसूले जा रहे हैं। हालांकि इस मामले की पुष्टि केवल संबंधित अधिकारी ही कर सकते हैं, लेकिन यदि यह सही पाया जाता है, तो यह गंभीर अनियमितता मानी जाएगी।

### खरीदी केंद्रों पर हो रही अनियमितता: रघुवंशी

वर्तमान में बाजार में गेहूं का भाव लगभग 2600 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास चल रहा है। ऐसे में किसानों को उम्मीद रहती है कि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य और सम्मानजनक प्रक्रिया मिलेगी, लेकिन खरीदी केंद्रों पर हो रही अव्यवस्थाएं उनकी उम्मीदों पर पानी फेर रही हैं। इस पूरे मामले को लेकर किसानों की आवाज भी सामने आई है। किसान राहुल रघुवंशी, रेखन सिंह और मेरे सिंह रघुवंशी ने बताया कि खरीदी केंद्रों पर कई प्रकार की अनियमितताएं हो रही हैं, जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि शासन के वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें और मौके पर निरीक्षण करें, तो इन समस्याओं का समाधान आसानी से किया जा सकता है। किसानों का मानना है कि छोटी-छोटी समस्याएं ही आगे चलकर बड़ी परेशानी का कारण बनती हैं। यदि समय रहते इन पर ध्यान नहीं दिया गया, तो किसानों का भरोसा प्रणाली से उठ सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि खरीदी केंद्रों पर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, तौल प्रक्रिया की निगरानी की जाए, भुगतान समय पर किया जाए और किसी भी प्रकार की अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई की जाए। अब देखना होगा कि शासन और प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं। यदि समय रहते सुधार नहीं किए गए, तो यह मुद्दा और बड़ा रूप ले सकता है। फिलहाल किसान यही उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी मेहनत की कमाई के साथ किसी प्रकार का अन्याय न हो और उन्हें उनकी उपज का पूरा हक मिल सके।

## ग्रीष्मकाल में पक्षियों के लिए रखे जलपात्र भरा दाना-पानी



**छिंदवाड़ा।** शहर में वर्ष 1995 से जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के मुख्य उद्देश्य को लेकर अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा सर्वोदय अहिंसा अभियान चलाया जा रहा है।भीषण गर्मी को देखते हुए सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के साथ अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी पहुंचे जहां प्रबंधन सहित विद्यार्थियों को स्वच्छता सहित जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।इस अवसर पर एकेडमी प्राचार्य रविशंकर माथुर के साथ बड़ी संख्या में गुरुजनों सहित विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में पक्षियों के लिए जलपात्र भरे ओर भीषण गर्मी को देखते हुए सभी से मूक पशु पक्षियों के लिए दाना पानी रखने की अपील की वहीं छिंदवाड़ा को स्वच्छता में अव्वल स्थान दिलाने के लिए फीडबैक भी किया।आपको बता दें कि सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन अपनी सर्वोदय अहिंसा की टीम के साथ मिलकर विगत 41 वर्षों से यह अभियान चला रहे हैं जो सेवा कार्य की मिशाल बनी हुई है।जीव दया के सुंदर अभियान की अरिहंत एकेडमी के चेयरमैन संजीव जैन सहित जिले के गणमान्य नागरिकों सहित प्रदेश ही नहीं देश में सराहना की जा रही है जो छिंदवाड़ा के लिए गौरव की बात है।

## फिर मंडराया चोरों का साया, सीसीटीवी में कैद हुए 6 संदिग्ध

**पुलिस जांच में जुटी, पुलिस ने बताया तीन युवकों के पीठ पर टंगे दिखा बैग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांढुर्णा



शहर में चोरी की वारदातों का सिलसिला थम नहीं रहा है। रानी दुर्गावती वार्ड के गजानन मंदिर इलाके में देर रात 6 संदिग्ध युवक सीसीटीवी में कैद हुए, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त फुटेज के अनुसार आधी रात के बाद 3-3 के दो समूह थोड़े अंतराल पर इलाके में घूमते दिखे। एसडीओ पुलिस ब्रजेश भार्गव ने बताया कि पहले समूह के तीनों युवकों की पीठ पर बैग टंगे थे और वे सामान्य रूप से चलते हुए निकल गए। लेकिन पीछे वाले तीन युवकों की हरकतें संदिग्ध थीं। वे पहले इलाके का जायजा लेते और फिर चोरी का आसान मौका तलाशते हुए इधर-उधर घूमते नजर आए। हालांकि स्थानीय लोगों की सक्रियता और इलाके में बढ़ती हलचल देखकर संदिग्ध अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके और मौके से भाग निकले। गुरुवार शाम सामने आए सीसीटीवी फुटेज के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। थाना प्रभारी अमित दानी ने बताया कि फुटेज के आधार पर संदिग्धों की शिनाख्त की जा रही है और तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। थाना प्रभारी ने नागरिकों से अपील की है कि अपने घरों और मोहल्ले में सतर्क रहें। कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे।

## ग्राम तेलीवट में सामने आया गंभीर मामला

# स्कूली बच्चों के निवाले पर डाका, अनाज बेचते रंगे हाथ पकड़ाया संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

शासकीय एकीकृत विद्यालय तेलीवट में मध्याह्न भोजन (MDM) योजना के तहत बच्चों को मिलने वाले पोषण पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। यहां एमडीएम संचालन से जुड़े एक व्यक्ति को सरकारी अनाज की कालाबाजारी करते हुए ग्रामीणों और पंचों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। इस घटना ने पूरे गांव में आक्रोश का माहौल बना दिया है।

16 अप्रैल 2026 की शाम लगभग 7:30 से 8:00 बजे के बीच की बताई जा रही है। ग्राम तेलीवट निवासी बलराम यदुवंशी, जो स्व-सहायता समूह के माध्यम से विद्यालय में मध्याह्न भोजन की व्यवस्था संभालता है, उसे स्कूल के लिए आवंटित गेहूं की बोरी बेचते हुए पकड़ा गया। ग्रामीणों ने मौके पर ही उसे घेरकर मामले का खुलासा किया।ग्रामीणों और पंचों के गंभीर आरोपग्राम पंचायत के पंचों और



स्थानीय नागरिकों ने संयुक्त रूप से पंचनामा तैयार कर आरोप लगाया है कि बलराम यदुवंशी लंबे समय से एमडीएम के राशन में हेराफेरी कर रहा था। उनके अनुसार, सरकारी अनाज की चोरी कर उसे बाजार में बेच दिया जाता था, जिसके कारण बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार पर्याप्त और पौष्टिक भोजन नहीं मिल पा रहा था।

पंचों ने इसे बच्चों के पोषण अधिकार का हनन बताते हुए कहा कि यह न केवल आर्थिक अपराध है, बल्कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ भी गंभीर खिलवाड़ है।

ग्राम पंचायत के पंचों ने सख्त शब्दों में कहा, बच्चों के पेट पर डाका डालकर सरकारी राशन बेचना बेहद निंदनीय और गंभीर अपराध है। ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी बच्चों के अधिकारों से खिलवाड़ करने की हिम्मत न करे। रइस मामले को लेकर तैयार किए गए पंचनामे पर पंचायत के कई जिम्मेदार सदस्यों ज्ञानवती यदुवंशी, देवीलाल, छोटेलाल, मनोज यदुवंशी, राजू यदुवंशी, अनिता पहाड़े और दयाराम ने हस्ताक्षर कर अपनी सहमति दर्ज की है।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों से की है और मांग की है कि संबंधित स्व-सहायता समूह एवं संचालक के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, मध्याह्न भोजन व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निगरानी की भी मांग उठाई गई है।प्रशासन का आश्वासनसंबंधित अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच कर प्रतिवेदन तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।यह घटना एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर करती है कि बच्चों के हक और पोषण से जुड़े मामलों में लापरवाही और भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## परासिया व उमरेठ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का सम्मेलन का हुआ समापन

# नकुलनाथ ने कहा बूथ मजबूत तो पार्टी और संगठन दोनों मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया विधानसभा क्षेत्र के चांदामेटा इंटक में परासिया एवं उमरेठ ब्लॉक कांग्रेस का संयुक्त सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजित सम्मेलन में उपस्थित दोनों ही ब्लॉक के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए माननीय नकुलनाथ जी ने कहा कि आने वाले वर्ष से चुनाव प्रारंभ हो जाएंगे। नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव फिर विधानसभा और लोकसभा के चुनाव। आप सभी सोच रहे होंगे कि निकाय चुनावों को अभी बहुत समय, लेकिन यह समय कब निकल जाएगा पता ही नहीं चलेगा। इसीलिये अभी से कमर कसकर चुनावी तैयारियों में जुटा जाएं।

उन्होंने अपने सारगर्भित उदबोधन में आगे कहा कि सबसे पहला काम जनता को जागरूक करना है। महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं और महिलाओं पर जारी अत्याचार। जन-जन को इन विषयों से अवगत कराने की आवश्यकता है। माननीय कमलनाथ जी हमेशा कहते हैं कि कांग्रेस का कार्यकर्ता चुनाव में अपना खून और पसीना बहा देता है, लेकिन वह मुंह नहीं चलता। इसीलिये मैं आप लोगों से कहता हूं कि अब मुंह चलाने का समय आ चुका है। जनता तक सही बात पहुंचाएं। किसान भाइयों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। युवा बेरोजगार सड़कों पर घूम रहे। याद कीजिये क्या कहा था 2 करोड़ युवाओं को प्रतिवर्ष रोजगार, किसानों की आय दोगुनी और मातृशक्ति को प्रतिमाह 3 हजार रुपए देने का वादा किया था, ये वादे आज भी पूरे नहीं हुए। बिजली, रोजगार और मातृशक्ति की सुरक्षा जैसे अनेक गम्भीर विषयों पर सरकार चुप है। उन्होंने अपने उदबोधन के अंत में प्रश्न किया कि बूथ कमेटियां सही बनी है या नहीं, क्योंकि बूथ की मजबूती पार्टी और संगठन की मजबूती है। बूथ का कार्यकर्ता हमारी पार्टी और संगठन की नींव है।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छिन्दवाड़ा में वे सभी स्किल सेन्टर बहुत पहले से मौजूद है, जिनकी बात भाजपा आज करती है। यह माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी की दूरगामी सोच का परिणाम है। उन्होंने महिला आरक्षण को लेकर बोलते हुए कहा कि भाजपा महिला आरक्षण की बात तो करती है, लेकिन आरक्षण नहीं देती।

भाजपा 2031 में आरक्षण देने की बात करती है और कांग्रेस पार्टी एवं सभी विधायकों ने यह मांग की कि आरक्षण 2026 से अभी से दिया जाना चाहिए, लेकिन नहीं भाजपा के लिए आरक्षण महिलाओं से ज्यादा महत्वपूर्ण अपने लिए है वह राजनीतिक दृष्टि से लागू कर उसका लाभ लेना चाहती है जिसका विरोध कांग्रेस के द्वारा किया गया। भाजपा ने इसका भी खूब दुष्प्रचार किया, लेकिन जनता और खासकर मातृशक्ति इस बात को समझ गई की भाजपा झूठ बोल रही है।

# रक्त की हर बूंद में जीवन की आस ब्लड आर्मी का बेमिसाल विश्वास

## स्थापना दिवस पर हासिल की नई उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



30 अप्रैल को ब्लड आर्मी ग्रुप ने अपने आठवें स्थापना दिवस पर 2500वें रक्तदान के साथ एक ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया। यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि हजारों जीवन बचाने का प्रमाण है। इस अवसर पर कोर टीम के तीन सदस्यों ने स्वयं रक्तदान कर सेवा भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया।संस्था का उद्देश्य और कार्यशैलीब्लड आर्मी ग्रुप पिछले आठ वर्षों से जिले में सक्रिय रहकर जरूरतमंद, असहाय और रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है। संस्था की कार्यशैली बेहद संगठित और जिम्मेदार है। अस्पतालों, ब्लड बैंकों और सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हर रक्त मांग की पूरी जांच की जाती है। पहले मरीज के परिजनों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाता है, और आवश्यकता पड़ने पर संस्था अपने सक्रिय रक्तदाताओं से संपर्क कर तुरंत सहायता प्रदान करती है।संगठन और संचालनसंस्था सात व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से संचालित होती है, जिनमें 2000 से अधिक सक्रिय रक्तदाता जुड़े हुए हैं। इनमें पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की भी महत्वपूर्ण भागीदारी है। प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी, व्यापारी, छात्र और विभिन्न वर्गों के लोग इस मुहिम का हिस्सा बनकर हर 3-4 माह में रक्तदान करते हैं।उपलब्धियाँ और सम्मानब्लड आर्मी ग्रुप अब तक 2500 यूनिट रक्तदान और 17 यूनिट SDP सहित कुल 2517 यूनिट्स का योगदान दे चुका है। साथ ही, परिजनों को प्रेरित कर लगभग 5000 यूनिट रक्तदान करवाया गया है। संस्था को विश्व रक्तदाता दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मान सहित कई प्रशंसाएं प्राप्त हो चुकी हैं।भविष्य की दिशाकोरोना काल में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की स्थापना में सहयोग देने वाली यह संस्था भविष्य में भी मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेगी। ब्लड आर्मी ग्रुप समाज के लिए एक प्रेरणा है, जो निस्वार्थ सेवा की सच्ची मिसाल प्रस्तुत करता है।

# पट प्रतियोगिता में शामिल हुए नकुलनाथ हुआ जोरदार स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

छिंदवाड़ा जिले के पूर्व सांसद गुरुवार 19 अप्रैल को जाताछापर में आयोजित पट प्रतियोगिता में शामिल हुए। उनका जोरदार स्वागत हुआ। वे प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचने से पहले जनपद उपाध्यक्ष जमील खान के घर पहुंचे। यहां पूर्व सरपंच जाहिद खान, सरपंच नरेन्द्र धुर्वे (गुड्डा) और उभरते युवा नेता जीशान खान ने माला पहनाकर स्वागत किया।कौमी एकता समिति के तत्वावधान और जनपद उपाध्यक्ष जमील खान के नेतृत्व में रामुपरी में आयोजित पट प्रतियोगिता में प्रदेश भर के कई क्षेत्रों से लगभग 60 बैल जोड़ियों ने हिस्सा लिया। बैल दौड़ सुबह 11 बजे से ही शुरू हो गई थी। शाम को मुख्य अतिथि पूर्व सांसद नकुलनाथ के समक्ष प्रतियोगिता का समापन हुआ। जनपद उपाध्यक्ष जमील खान ने नकुलनाथ का शाल श्रीफल देकर स्वागत किया। इनके अलावा जामई विधायक सुनील उइके, जनपद अध्यक्ष आशा अशोक आम्रवंशी, सदस्य कृपालशा मर्सकोले, हरी वर्मा, गोविन्द राय, गोविन्द बिजोलिया, विनोद यदुवंशी आदि ने भी स्वागत किया। नकुलनाथ ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा, कि वे चौथी बार जाटाछापर में आयोजित पट प्रतियोगिता में शामिल हुए। उन्होंने भाजपा सरकार पर किसानों का शोषण करने, छल करने का आरोप लगाया। समर्थन मूल्य पर किसानों से फसल नहीं खरीदने का भी आरोप लगाया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे भी मौजूद रहे।


# बरारिया में नरवाई से आग लगी दुर्घटना टली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जिला प्रशासन द्वारा रवि की फसलों की कटाई के बाद नरवाई में आग लगाने प्रतिबंधित किऐ जाने के बावजूद भी प्रशासन के आंख में धूल झोंक कर असामाजिक तत्वों और किसानो द्वारा खेतों की नरवाई में आग लगाने की घटना बढ़ती जा रही है।ग्राम बरारिया में विगत दो दिनों से नरवाई में आग लगाने की घटना से अनेक किसानो के मोटर पंपो के पाइप और वायर जल गए हैं।बुधवार को नरवाई में आग लगाने से 25 एकड़ से अधिक भूमि की नरवाई मै आग लगी थी। गुरुवार को फिर से किसी नरवाई में आग लगा दी जिससे 25 से 30 एकड़ भूमि की नरवाई जली और कुछ किसानों की पाइप और वायर भी जल गऐ।बड़ी दुर्घटना टल गई जब आग की लपटे ट्रांसफार्मर तक पहुंची,यह ट्रांसफार्मर बसावट क्षेत्र में है, ग्रामीणों ने आग को बुझाया। आग लगने की सूचना के बाद पर बडकुही और न्यूटन की फायर ब्रिगेड गांव पहुंची और आग बुझाने में सहयोग प्रदान किया। *बड़ी दुर्घटना टली -आग के कारण गांव के दो ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचा है जिससे गांव की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई है।आग के कारण किसानों के पाइप, विद्युत वायर और जलाऊ लकड़ी सहित भूसे मैं आग लगी है। ग्रामीणों की सहयोग से आज पर काबू पा लिया गया है।इस कार्य में विद्युत विभाग के कर्मचारी, पटवारी राघवेंद्र सिंह नागवंशी, कोटवार संतकुमार डेहरिया ,और ग्रामीणों का सहयोग से बड़ी दुर्घटना रोकी गई।ग्राम पंचायत बरारिया के सरपंच मोहन कहार ने बताया कि प्रशासन के सख्त निर्देश के बाद नरवाई में आग लगाने पर दंडात्मक कार्रवाई और जुर्माना की सूचना किसानो और गांव में देने के बावजूद भी खेतों की नरवाई में आग लगाई जा रही है।ऐसे लोगों को चिन्हित कर पुलिस और प्रशासन को इनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना जरूरी है।

# आज नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का किया गया स्वागत



**जुन्नारदेव।** नगर में प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार जी का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय स्वागत कर सौजन्य भेंट कि विधानसभा से जुड़े के मुद्दों पर चर्चा की गई इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरुण साहू ,पर्यवेक्झक घनश्याम तिवारी,अरुणेश जायसवाल, बी एल तागड़ी,श्याम यदुवंशी ,शशिकांत मालवीय, उपेन्द्र शर्मा,जितेंद्र अग्रवाल,राजुद्दीन सिद्धकी,राजेश पाटील ,गामा जैन,घनश्याम बरखाने, उस्मान सिद्धकी,संतोष जांघेला,अंकित राय,यशदीप साहू, अजय साहू,प्रवीण सिंह,कैलाश पथरोड,अरविंद मसरकर, गुड्डा राय, मुकेश यदुवंशी दीपक यदुवंशी, मुकद्दर अहमद पिंटू यदुवंशी वरिष्ठ महिला कांग्रेस नेत्री शाहिदा बेगम बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया गया शीतल प्याऊ का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज उकवा।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड परसवाडा जिला बालाघाट जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा सवर्धन अभियान द्वितीय चरण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उकवा द्वारा ग्राम उकवा मे जल मंदिर (प्याऊ)* का शुभारंभ किया गया आम जनता को जल संरक्षण के विभिन्न संदेश दिए गए,साथ में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उकवा द्वारा समिति का बोर्ड लगाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रस्फुटन समिति से श्री मुरली नर्सवानी राजेश अग्रवाल सुश्री कृष्णा खांगर दीपक चौकसे गुलाब रोकड़े दीपक नर्सवानी मनीष गौतम एवं उषा गिरे की सहभागिता रही।

# ट्रांसफार्मरों में लगी भीषण आग, बिजली ठप, गर्मी में उपभोक्ता परेशान

### भीषण गर्मी के बीच ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, लांजी नगर में बड़ा हादसा टला



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** गर्मी शुरू होते ही ट्रांसफार्मर में आग लगनी शुरु हो गई है। लांजी नगर मैं पुराने थाने के सामने लगे 200 केवीए के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि आस-पास के लोग भी दहशत में आ गए। ट्रांसफार्मर पास में लगी कुछ दुकानों में भी आग लग गई। हालांकि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने का वीडियो वायरल हो गया। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। मौके स्थल पर टीम पहुंचकर ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने के साथ सप्लाई को सुचारु करने में जुटी रही। वहीं गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ी। गुरुवार को सुबह के लांजी के पुराने थाने के सामने लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई।इसके बाद बिजली विभाग को सूचना दी गई। मौके पर फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

## लांजी पुलिस ने कार्रवाई के बाद बढ़ाई दबिश

# रेत विवाद में फरार आरोपियों पर कसा शिकंजा: एक गिरफ्तार, अन्य की तलाश तेज

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जिले के लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत रेत उत्खनन को लेकर हुए विवाद में दर्ज प्रकरण के बाद फरार चल रहे आरोपियों पर अब पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गत 7 अप्रैल को घटित हुई इस घटना के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश लगातार जारी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम सोनेसराड निवासी नंदकिशोर पांचे (36) के गांव के कुछ लोग सोन नदी से अवैध रूप से रेत निकालकर उसके खेत के रास्ते ट्रैक्टरों का आवागमन कर रहे थे, जिसका उन्होंने विरोध किया था। साथ ही इस संबंध में प्रशासन से शिकायत भी की गई थी, जिसके बाद खनिज विभाग द्वारा संबंधित ट्रैक्टरों पर कार्रवाई की गई थी। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया।

पीड़ित नंदकिशोर पांचे के अनुसार, 7 अप्रैल की शाम करीब 6:30 बजे वह सोन नदी पुल के पास अपने गांव के कुछ लोगो के साथ मौजूद था, तभी बंटी कालबेले, विकास उर्फ छोटू कालबेले, राजा कालबेले और नारायण मात्रे वहां पहुंचे। सभी ने मिलकर पहले गाली-गलौज की और फिर बेल्ट, ईंट और मुक्कों से हमला कर दिया। इस हमले में नंदकिशोर पांचे को गंभीर चोटें आई थीं। आरोपियों ने उसका मोबाइल भी छीनकर तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए थे।

मामला दर्ज होने के बाद से ही सभी आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस लगातार उनकी तलाश में दबिश दे रही थी। इसी कड़ी में पुलिस को सफलता मिली और विकास उर्फ छोटू कालबेले को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल बंटी कालबेले, राजा कालबेले और नारायण मात्रे अभी भी फरार हैं। पुलिस का कहना है कि शेष आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## सेलवा गांव की महिलाओं ने उठाई आवाज

# नशा मुक्ति के प्रयासों में अड़चन डालने वालों पर कार्रवाई की मांग



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तहसील मुख्यालय कटंगी से सटी ग्राम पंचायत सेलवा की दर्जनों महिलाओं ने गुरूवार 30 अप्रैल की दोपहर डेढ़ बजे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विवेक कुमार शर्मा ने मुलाकात कर अंजु रामटेके और हर्ष रामटेके (माता-पुत्र) के खिलाफ शिकायत की है। इन दोनों पर नशा मुक्ति अभियान की कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करने और समिति की महिलाओं से गाली-गलौज कर पुरूषों को झूठे आरोप में फंसाने की धमकी देने का आरोप है। दरअसल, सेलवा गांव में महिलाओं ने शराब दुकान को गांव के बाहर विस्थापन कराने के साथ ही गांव को नशा मुक्त बनाने का विशेष अभियान शुरू कर रखा है। शराब दुकान को गांव से बाहर विस्थापित कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय में आवेदन किया गया है जहां कार्रवाई लंबित है। इधर, महिलाओं ने प्रशासन के सहयोग से गांव में खुले में बिकने वाली शराब ब्रिकी पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं गांव के दुकानदारों के सहयोग से खुले पानी पाउच और डिस्पोजल की ब्रिकी पर भी रोक लगा दी गई है। जिस कारण शराबियों को गांव में कहीं भी शराब पीने के लिए पानी पाउच और डिस्पोजल नहीं मिल रहा है।

गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए महिला समिति का गठन किया गया है। इस समिति ने शराब दुकान से शराब लेकर कहीं भी खुले में शराब पीने वालों पर जुर्माना तय कर दिया है। गांव में जगह-जगह फ्लेक्स लगाकर इसकी जानकारी सभी दी गई है। वहीं सतत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसका व्यापक असर देखने को मिला है अब गांव में कहीं भी कोई भी व्यक्ति खुले में शराब नहीं पी रहा है। शराबी, शराब लेकर सीधे अपने घर जा रहे है। जिससे गांव में शांति व्यवस्था बनी हुई है और महिलाएं देर शाम सुरक्षित गांव की सड़क पर निकल पा रही है। पुरूष वर्ग पूर्व की अपेक्षा अब कम मात्रा में शराब पी रहे है। जिससे परिवारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति सुधर नहीं है। किंतु गांव की इसी शांति व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए अंजु रामटेके और उनका बेटा हर्ष रामटेके अब अपने घर पर शराबियों को बिठाकर अवैध तरीके से अहाता संचालित करने का काम कर रहे है। बुधवार की रात करीब साढ़े 09 बजे जब महिलाओं को इस बात की जानकारी मिली तो महिलाओं ने अंजु रामटेके को ऐसा करने से रोका तो अंजु रामटेके समिति की महिलाओं के साथ ही गाली-गलौज करने लगी और महिलाओं के साथ आए पुरूषों को झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगी। मामले को बिगड़ता देख महिलाओं ने डायॅल 112 को सूचना दी। पुलिस के सामने भी अंजु ने खूब ड्रामेबाजी की और पुलिस को भी चुनौती देते हुए कहा कि वह यहीं काम करेगी। जिसके चलते गुरूवार को गांव की महिलाओं ने अंजु और हर्ष के खिलाफ थाने में शिकायत करते हुए उचित कानूनी कार्रवाई की मांग रखी हैं।

## लगभग 800 मेधावी विद्यार्थियों को लेपटाप बेग और स्मार्ट वाच से अतिथियों ने किया सम्मानित

# कक्षा 10 वीं में 85 व 12 वीं 80 प्रतिशत अंक लाने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों नगरपालिका ने किया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर पालिका परिषद वारासिवनी के तत्वावधान में गुरुवार को इंडोर स्टेडियम में वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के लगभग 800 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें इन विद्यार्थियों को नगरपालिका की ओर से लेपटाप बेग और स्मार्ट वाच और उनके शिक्षकों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, अध्यक्ष के रुप में नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे एवं विशेष अतिथि के रुप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, भाजपा भूतपूर्व मंडल अध्यक्ष चिरौंजी पारधी व प्रदीप शरणागत, नगरपालिका भूतपूर्व अध्यक्ष स्मिता जायसवाल, किरण शर्मा, सुनील पिपरेवार, पूर्व पार्षद दीपलता देशमुख, राजू गोयल सहित पार्षदगण उपस्थित रहे।

सम्मान समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों, उनके पालकों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिये उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। आज बच्चों के कारण माता-पिता को भी सम्मानित होने का अवसर उनके द्वारा दिये गये संस्कार व अनुशासन का पारितोषिक है।

नगरपालिका अध्यक्ष ने सरिता दांदरे ने कहा कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों के कक्षा 10 वीं में 85 प्रतिशत व कक्षा 12 वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर नगरपालिका परिषद स्वयं को गौरवांवित महसूस कर रही है।

इस अवसर पर सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों ने अपनी सफलता में माता-पिता व शिक्षकगणों के सहयोग को अतुलनीय बताया और नगरपालिका द्वारा सम्मानित करने पर नगरपालिका अध्यक्ष व पार्षदों के प्रति आभार प्रकट किया।

सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके शिक्षकों को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया, वहीं अपने सम्मान के दौरान विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता को मंच पर बुला कर उन्हें भी इस सम्मान समारोह का हिस्सा बनाकर अपने आप को गोरवांवित महसूस किया।

# सब्जी बाजार में मोबाईल चोर सक्रिय

## दो व्यक्तियों को मोबाईल हुए चोरी

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

एक बार फिर मंगलवार बाजार को मोबाईल चोर करने वाली शातिर गैंग सक्रिय हो गई है। मंगलवार बाजार के दिन नगर एवं ग्रामीणांचलों से आए लोगों को चोर मौका देखकर निशाना बना रहे है। मंगलवार को उत्कर्ष सिटी के पास लगे सब्जी बाजार में चोर आम . जनता को अपना शिकार बना रहे है और ऊपर के जेब में रखे मोबाईल फोन को उड़ाकर फरार हो जा रहे है।

घटना की जानकारी देते हुए झालीवाड़ा निवासी चन्द्रशेखर देशमुख ने बताया कि वह शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच में मंगलवार बाजार करने वारासिवनी आए हुए थे। तभी अचानक वह जब सब्जी खरीदकर अपने वाहन के पास पहुॅचे, तो उनका मोबाईल फोन जेब में नहीं था, जिसके बाद वे तत्काल रिपोर्ट करवाने थाना पहुॅच गए।

वहीं वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 3 निवासी शिक्षक धमेन्द्र रघुवंशी का मोबाईल भी सब्जी लेने के दौरान चुरा लिया गया। गत दो वर्ष पूर्व भी उनका एक मोबाईल सब्जी लेने के दौरान चोरी हुआ था। शिक्षक धमेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि कि उसके मोबाईल फोन में उनका शासकीय डाटा रखा हुआ है। आगामी एक मई से प्रारंभ होने वाली जनगणना के कार्य से संबंधित डाटा भी उनका उसी मोबाईल फोन में रखा हुआ था। घटना शाम 5 बजे की है और मोबाईल फोन वीवो वॉय वन कंपनी का हैं, जिसकी कीमत करीब 20 हजार है। पुलिस ने पीड़ितों से आवेदन लेकर जॉच प्रांरभ कर दी है।

विदित हो कि नागरिकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह अपने मोबाइल फोन या अन्य सामग्री की सुरक्षा स्वयं करना सीखे, क्योकि यह शातिर गैंग मंगलवार को भीड़ भाड़ वाले ईलाकों को निशाना बनाकर ऐसे लोगों के मोबाईल चोरी कर रही है। जो जेब के ऊपर हिस्से में मोबाईल रखते है। ठीक इसी प्रकार का गैंग दो वर्ष पूर्व भी सक्रिय हुआ था, जब प्रत्येक मंगलवार को गैंग शातिर तरीके से निशाना बनाकर लोगों के ऊपरी हिस्से के जेब से उनका मोबाईल फोन चुरा लेते थे, जिसके बाद इस पूरे मामले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था और पुलिस ने तत्परता दिखाते हूए इन शातिर चोर गैंग का पर्दाफाश किया था।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौके पर मौत

**सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में मानकसरा गांव के पास बुधवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में दो बाइक सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

**शादी से लौटते समय हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार, घटना रात करीब 2 बजे की है। तीनों युवक एक शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान मानकसरा के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

दो की मौके पर मौत, एक की हालत गंभीर हादसे में प्रीतम कुडोपा (25) और नीरज उड़ारी (19) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं स्वरूप मारवी (23) गंभीर रूप से घायल हो गए।

**घायल को जबलपुर रेफर किया गया**

स्थानीय लोगों की सूचना पर घंसौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल स्वरूप मारवी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। हालत गंभीर होनेपर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

**पुलिस जांच में जुटी**

पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसआई शिवकुमार धुर्वे ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। फरार वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

### खेत में मिला 70 वर्षीय वृद्ध महिला का शव

सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरखपुर में एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला का शव खेत में मिला। महिला पिछले चार दिनों से लापता थीं, जिसका शव बुधवार दोपहर करीब 2 बजे ग्रामीणों ने देखा।

मृतका की पहचान लोपति बाई बंशकर (70 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजन के अनुसार, वे 25 अप्रैल से घर से लापता थीं। काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिल सका था। बुधवार को जब ग्रामीण खेत की ओर गए, तब उन्होंने शव देखकर पुलिस और परिजनों को सूचना दी।

परिजन ने बताया कि लोपति बाई लंबे समय से मिर्गी की बीमारी से जूझ रही थीं। अंदेशा जताया जा रहा है कि खेत में रहने के दौरान उन्हें मिर्गी का दौरा पड़ा होगा और समय पर इलाज न मिलने के कारण उनकी जान चली गई। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी। घटना की जानकारी मिलते ही घंसौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी लक्ष्मण झारिया ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला बीमारी से जुड़ा लग रहा है, फिर भी पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

# बाघिन ने गर्मी से बचने शावकों को तालाब में उतारा, जमकर मस्ती

**सिवनी।** भीषण गर्मी के बीच पेंच टाइगर रिजर्व के जंगल में एक खूबसूरत नजारा देखने को मिला। जब एक बाघिन अपने शावकों के साथ तालाब में बैठकर गर्मी से राहत लेती नजर आई। पानी में उतरकर बाघिन जहां खुद को ठंडा कर रही थी, वहीं उसके शावक भी पानी में खेलते और मस्ती करते दिखाई दिए। यह दृश्य न सिर्फ वन्यजीवों के व्यवहार को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि तेज गर्मी के दिनों में जल स्त्रोत उनके लिए कितने जरूरी हो जाते हैं। बाघिन अपने शावकों के साथ पूरी तरह सहज और सुरक्षित नजर आई, मानो वह उन्हें इस कठिन मौसम में राहत का तरीका सिखा रही हो। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी के मौसम में बाघ अक्सर पानी के आसपास ही समय बिताते हैं, ताकि शरीर का तापमान नियंत्रित रखा जा सके। यह दृश्य जंगल की प्राकृतिक सुंदरता और जीवों के जीवन चक्र की एक झलक पेश करता है।



# बिजली व्यवस्था बनी मौत का जाल, लखनादौन में लीड गायब, गर्मी में जनता बेहाल, हादसे का खतरा



**लखनादौन** शहर में विद्युत विभाग की लापरवाही अब सीधे तौर पर आम जनता की जान के लिए खतरा बनती जा रही है। शहर के विभिन्न वार्डों में जर्जर बिजली तार, झुके हुए खंभे और असुरक्षित लाइनें मौत का जाल बन चुकी हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि हल्की सी आंधी या तूफान आते ही लाइन में फाल्ट आ जाता है, जिससे न केवल बिजली आपूर्ति ठप हो जाती है बल्कि हादसे की आशंका भी कई गुना बढ़ जाती है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि लंबे समय से पुराने तारों को बदलने और नई लीड (केबल) लगाने की बात कही जा रही है। यहां तक कि विभागीय स्तर पर यह भी बताया गया कि लीड आ चुकी है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज तक कहीं भी उसे लगाया नहीं गया। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है—आखिर वह लीड गई कहां? क्या यह केवल कागजों में ही दिखाया गया काम है या फिर सामग्री का कहीं और उपयोग कर लिया गया है?

बिजली व्यवस्था की इस बदहाली का असर सीधे आम जनजीवन पर पड़ रहा है। थोड़ी सी हवा चलने पर ही लाइनें ट्रिप हो जाती हैं, जिससे घंटों बिजली गुल रहती है। कई बार ट्रांसफार्मर जलने और शॉर्ट सर्किट की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। इसके कारण न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है।

भीषण गर्मी के इस मौसम में बार-बार बिजली कटौती ने शहरवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। दिन में तेज धूप और रात में उमस के बीच बिजली का लगातार गुल रहना लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो रही है, जिससे हालात और बिगड़ते जा रहे हैं।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि नगर परिषद और विद्युत विभाग इस गंभीर समस्या पर अब तक ठोस कदम उठाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। शहर के कई इलाकों में खतरनाक स्थिति बनी हुई है, लेकिन न तो समय पर निरीक्षण किया जा रहा है और न ही सुधार कार्य में कोई तेजी दिखाई दे रही है। इससे यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या जिम्मेदार विभाग किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं?

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि आई हुई लीड कहां है और क्यों नहीं लगाई गई। साथ ही जर्जर बिजली लाइनों को प्राथमिकता के आधार पर बदला जाए, ताकि शहरवासियों को सुरक्षित और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके।

यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो लखनादौन में किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल नहीं होगा।



# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शोक संतृप्त परिवार को बंधाया ढांढस

**दिवंगत नगर पालिका कर्मी के परिजनों के लिए किया 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा**

**सिवनी।** गुरुवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायकदिनेश राय मुनमुन द्वारा नगर पालिका कर्मी असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त कर परिजनों को ढांढस बंधाया गया। आज दोपहर लगभग 12:00 बजे सिवनी नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत शास्त्री वार्ड मे नल लाईन के लिए खुदायी कार्य के दौरान एक दुखद दुर्घटना घटी। जिसमें कार्य करते समय अचानक गेती लगने से नगर पालिका के जल विभाग मे कार्यरत शहीद वार्ड निवासी शकील खान गंभीर रूप से घायल हो गये। और उनकी मृत्यु हो गयी। इस हृदय विदारक घटना की जानकारी प्राप्त होते ही भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन जिला चिकित्सालय पहुंचे। तथा परिजनों से चर्चा किया। और शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढस बंधाया। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपनी ओर से दिवंगत के परिजनों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि की घोषणा किया। तथा पार्षद गणों की उपस्थिति मे मुख्य नगरपालिका अधिकारी से दिवंगत के परिवार से एक सदस्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी किये जाने की बात कही।

# अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार



**110 पाव सहित एक स्कूटी जप्त**

**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जिनके नेतृत्व में समय समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब की खरीदी विक्री करने वालो पर कार्यवाही की जाती रही हैं, इसी क्रम में एडिशनल एस.पी. महोदय श्री दीपक मिश्रा एवं एस.डी.ओ.पी.श्री सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को धर दबोचने में सफलता हासिल की।

विगत रात्रि को पुलिस पेट्रोलिंग दौरान दिनांक 28/04/2026 के रात्री 22.00 बजे सूचना प्राप्त होने पर ढिमरी मोहल्ला मठ मंदिर रोड के किनारे एक व्यक्ति बिना नम्बर की एक्टिवा गाडी में सफेद बोरी में अवैध रुप से देशी एंव विदेशी शराब रखा है, की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी द्वारा तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर रेड कार्यवाही किया जो अविलम्ब ढिमरी मोहल्ला से मठ मंदिर रोड पर रोड के किनारे बिना नम्बर की स्कूटी चालक व्यक्ति गाडी लेकर खड़ा मिला जो सामने एक्टिवा मे सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में कुछ रखे हुए था जिसका नाम पूछने पर लूघरवाडा शराब दुकान के सामने पहुंचकर घेराबंदी कर सफेद रंग की एक्टिवा को चैक करने पर शुभम तिवारी पिता परसराम तिवासी उम्र 31 साल निवासी शिवमंदिर के पास मंगलीपेठ सिवनी का होना बताया जो गाडी मे रखी प्लास्टिक की बोरी खोलकर चैक करने पर बोरी में 110 पाव मदिरा प्लेन रखे हुए था जो शराब रखने के संबंध में दस्तावेज पूछने पर कोई दस्तावेज का नहीं होना बताया। शुभम तिवारी द्वारा अवैध लाभ अर्जित करने की नियत से अवैध रुप से मदिरा का एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना बताया जिससे आरोपी शुभम तिवारी पिता परसराम तिवासी उम्र 27 साल निवासी शिवमंदिर के पास मंगलीपेठ सिवनी के पास से 110 पाव देशी मदिरा कीमती 10000 एंव एक बिना नम्बर की एक्टिवा जप्त कर आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी कर धारा 34(ए) आबकारी एक्ट का होने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पूछताछ पर मालूम पड़ा उक्त माल गंज में किसी व्यक्ति को देने जा रहा था जो और जानकारी प्राप्त की जा रही है।

# आदर्श ग्राम गोपालगंज में दिनदहाड़े चोरी,पुलिस जुटी जांच मे

**सिवनी/गोपालगंज। जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श ग्राम गोपालगंज में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपालगंज स्थित अस्पताल के पीछे निवासी राजू वंदेवार के घर में आज सुबह लगभग 10.30 बजे से 11.30 बजे के बीच अज्ञात चोर घुस गए। उस समय घर सूना था, जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने अलमारी में रखे करीब 50 हजार रुपये नगद, सोने के लगभग 4 से 5 तोले के जेवर एवं चांदी की पायल-पट्टी सहित कुल लगभग 6 लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोगों में हडक़ंप मच गया और मौके पर भीड़ जमा हो गई। दिनदहाड़े हुई इस चोरी से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा संदिग्धों की तलाश जारी है।



**पुलिस का कहना है**

एएसआई बारेलाल डेहरिया ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से जल्द खुलासा करने और गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### कंटगी रोड मोक्षधाम में अधूरा इलेक्ट्रिक शवदाह गृह भुगतान रोकने और जांच की मांग



**सिवनी।** नगर पालिका परिषद में विकास कार्यों को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। कंटगी रोड स्थित मोक्षधाम में निर्माणाधीन इलेक्ट्रिक शवदाह गृह का कार्य तय समय सीमा तक पूरा नहीं होने पर अब विवाद गहराता जा रहा है। विवेकानंद वार्ड के पार्षद राजेश राजू यादव ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उक्त निर्माण कार्य, जो कि श्री कांता इलेक्ट्रिकल्स, मोहाली (पंजाब) को दिया गया था, 30 अप्रैल 2026 तक पूर्ण होना था, लेकिन अभी भी अधूरा पड़ा है। पार्षद ने अपने पत्र में इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए निम्न मांगें रखी हैं कार्य पूर्ण होने तक संबंधित एजेंसी का भुगतान तत्काल रोका जाए मौके पर निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट तैयार की जाए देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसी की जांच कर जवाबदेही तय की जाए आवश्यकता पडऩे पर पेनाल्टी और ब्लैकलिस्टिंग जैसी कार्रवाई की जाए इस मुद्दे के सामने आने के बाद नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करता है और अधूरे पड़े इस महत्वपूर्ण जनहित कार्य को कब तक पूरा किया जाता है।

# प्रेस क्लब ऑफ सिवनी का मिलन समारोह कल, मेधावी विद्यार्थियों का होगा सम्मान

**सिवनी।** प्रेस क्लब ऑफ सिवनी (प्रेस एसोसिएशन सिवनी) द्वारा पत्रकार साथियों के मेधावी बच्चों के सम्मान में 02 मई 2026, शनिवार को प्रातः 11:00 बजे द ग्रेंड रजवाड़ा, जबलपुर रोड सिवनी में भव्य मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन पत्रकार परिवार के प्रतिभाशाली बच्चों के सम्मान के लिए विशेष रूप से रखा गया है, ताकि उनकी मेहनत और उपलब्धियों को उचित मंच मिल सके तथा अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल सके। सचिव राजेन्द्र पिंटू तरवरे और उपाध्यक्ष काबिज खान ने बताया कि कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, कलेक्टर श्रीमती मीना मीणा एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 12:30 बजे लंच का आयोजन रखा गया है। साथ ही बच्चों के मनोरंजन हेतु वॉटर पार्क की विशेष व्यवस्था की गई है। इच्छुक बच्चे सुबह 9:00 बजे रजवाड़ा वॉटर पार्क पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। प्रेस क्लब ने सभी पत्रकार साथियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

सम्मानित होने वाले मेधावी विद्यार्थीः आलिया कौशर – पिता रफीक खान (छपारा), कक्षा 10वीं शिवम चौरसिया – पिता गोपाल चौरसिया (सिवनी), कक्षा 12वीं आर्यव बौद्ध – पिता लक्ष्मण अहिरवार (छपारा), कक्षा 10वीं आस्था क्रीडिया – पिता संजीव क्रीडिया (सिवनी), कक्षा 10वीं मोंटी नागफासे – पिता राकेश नागफासे (सिवनी), कक्षा 10वीं रुची पाठक – पिता राजकिशोर पाठक (बखारी), कक्षा 10वीं आंचल मिश्रा – पिता सतीश मिश्रा (सिवनी), कक्षा 10वीं अलवीरा खान – पिता अब्दुल वाहिद खान (सिवनी), कक्षा 10वीं।

# समय-सीमा में कार्य न करने वाले अधिकारियों पर गिरेगी गाज, कलेक्टर ने जारी किया नोटिस

**सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत नागरिकों के आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण न करने पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने जिले के विभिन्न तहसीलों और नगरीय निकायों के अधिकारियों को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर श्रीमती मीना ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों की समस्याओं का निराकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिन अधिकारियों ने आवेदनों को बिना किसी ठोस कारण के लंबित रखा है, उनसे जवाब मांगा गया है। असंतोषजनक जवाब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर नियमानुसार अर्थदंड सहित कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।नोटिस जारी किए गए अधिकारियों में नायब तहसीलदार धनौरा अमृतलाल धुर्वे, तहसीलदार लखनादौन श्री दिग्विजय परस्ते, तहसीलदार कहानी अरुण भूषण दुबे, नायब तहसीलदार उगली दीक्षा वासनिक, नायब तहसीलदार वृत्त पलारी कुंवरलाल राउत, तहसीलदार केवलारी शशशांक मेश्राम और तहसीलदार बरघाट पूजा राना शामिल हैं।इसी क्रम में नायब तहसीलदार गंगेरूआ धर्मराज तुरकर, तहसीलदार कुरई श्री शनिपाल शाह परतेती, तहसीलदार छपारा सौरभ मरावी, नायब तहसीलदार भोमा एवं सिवनी भाग-एक सुश्री राधिका पाठक, नायब तहसीलदार बण्डोल श्री सतीश कुमार चौधरी, तहसीलदार सिवनी भाग-दो श्री नितिन कुमार चौधरी तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी केवलारी चन्द्रकिशोर भंवरे को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। कलेक्टर श्रीमती मीना ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि लंबित प्रकरणों का निराकरण त्वरित गति से किया जाए, ताकि आम जनता को शासन की सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# गेहूं चोरी करने वाले दो चोरों को डुण्डासिवनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**50 हजार का मशरुका जप्त**

**सिवनी। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व्दारा चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु तत्परता से कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता रहा है साथ ही अपराधियो के विरुध्द भी सख्ती से कार्यवाही हेतू प्रयत्नशील रहते है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकदीपक मिश्रा एवं अनु. अधिकारी (पुलिस) सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है।**

दिनाँक 27.04.2026 को प्रार्थी हरीराम भलावी पिता आमान सिंह भलावी निवासी ग्राम सेलुवा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने घर के बाहर आंगन मे रखी गेहूं की बोरीयों मे से कोई अज्ञात व्यवक्ति द्वारा चुरा लिये है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द क्रमांक 207/2026 धारा 303(1) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी चैनसिंह उडक़े द्वारा आरोपियो की तलाश पतासजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की जाकर आरोपीयो की धरपकड हेतु क्षेत्र मे टीम रवाना की गई

डुण्डासिवनी पुलिस व्दारा तत्परता दिखाते हुये कुछ संदेही से पूछताछ की गई, मुखबिर लगाये गये चंद घंटो के भीतर दो संदेही को हिरासत मे लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर चोरी करना कबूल किये, जिनके कब्जे से चोरी किया गया गेहूं व चोरी मे उपयोग की गयी मोटरसाईकल जप्त किया गया दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। आरोपी मोहसिन उर्फ काले पिता मोहम्मद खान उम्र 22 साल निवासी बोरी कला, आमेर पिता अनवर खान उम्र 29 साल निवासी बोरी कला थाना बरघाट ।

## जिला कांग्रेस कमेटी में बड़े पैमाने पर कटौती, जमीनी नेताओं की अनदेखी पर बवाल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला कांग्रेस कमेटी के नए गठन ने संगठन के भीतर भारी असंतोष को जन्म दे दिया है। लालबर्रा ब्लॉक से पिछले कार्यकाल में सक्रिय भूमिका निभाने वाले नारायण परिहार, मधु शर्मा, विशाल बिसेन, राकेश डहरवाल, रवि अग्रवाल, मनोहर अग्रवाल, ज्ञान शर्मा, दीपक अग्रवाल, अनीस खान, आनंद बिसेन और बालकृष्ण बिसेन जैसे अनुभवी और जमीनी नेताओं को इस बार पूरी तरह बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है।हैरानी की बात यह है कि बालाघाट क्षेत्र के भी कई कद्दावर और लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे चेहरों—रहीम खान, अल्ला रक्खा, जुगल शर्मा, राजा सोनी, सुधीर तिवारी, अशोक शर्मा, कल्लू सोनी, छबि राम नागेश्वर, शमीम सिद्दीकी, नितिन भोज, दिनेश धुर्वे, राकेश सिंगारे, राजेश ठाकुर और शेषराम रहांगडाले—को भी दरकिनार कर दिया गया। ये वे नाम हैं जो वर्षों से संगठन की रीढ़ माने जाते रहे हैं।अब सवाल सीधा और तीखा है—आखिर इन जमीनी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को किन कारणों से



नजरअंदाज किया गया? क्या यह फैसला संगठन को मजबूत करने के लिए लिया गया है या फिर इसके पीछे अंदरूनी खींचतान, पक्षपात और चापलूसी का खेल चल रहा है?सबसे बड़ा प्रश्न यह भी खड़ा हो रहा है कि क्या यह चूक नेतृत्व स्तर की है या फिर ब्लॉक अध्यक्षों की नाकामी, जो अपने ही क्षेत्र के समर्पित कार्यकर्ताओं के हक में आवाज तक नहीं उठा सके? अगर जमीनी कार्यकर्ताओं की इस तरह अनदेखी होती रही, तो इसका सीधा असर संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों पर पड़ना तय माना जा रहा है।फिलहाल, कार्यकर्ताओं के बीच नाराजगी साफ दिखाई दे रही है और आने वाले दिनों में यह असंतोष खुलकर सामने आ सकता है।

### आज से शुरू होगा 'आरोह 2026' ग्रीष्मकालीन कराते प्रशिक्षण शिविर

**बालाघाट**। खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय, भोपाल के निर्देशानुसार तथा जिला खेल अधिकारी श्री राहुल बारेसा के मार्गदर्शन में 1 मई से 30 मई 2026 तक 'आरोह' ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य 19 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाओं के व्यक्तित्व निर्माण, शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है।जिला खेल कराते प्रशिक्षक श्री सचिंद्र कृष्णन ने बताया कि जिले के मुलना स्टेडियम, जिला मुख्यालय के खेल मैदानों एवं विकासखंड मुख्यालयों में आयोजित इस शिविर में विभिन्न खेल गतिविधियों के साथ खिलाड़ियों को जीवन के महत्वपूर्ण आयामों से भी परिचित कराया जाएगा।

### उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए है पर्याप्त सुविधाएँ

## 13 उपार्जन केन्द्रों में हो रही गेहूं खरीदी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले के 13 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूँ एवं 8 उपार्जन केन्द्रो में चना खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। श्री मृणाल मीना कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में 30 अप्रेल को राजेश उइके उपायुक्त सहकारिता बालाघाट द्वारा एच.सी. बोपचे शाखा पर्यवेक्षक एवं संस्था प्रबंधक लालबर्रा के साथ वृहता सेवा सहकारी समिति लालबर्रा शासकीय गोदाम में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि गोदाम स्तरीय गेहूँ उपार्जन केन्द्र में किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने की सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी में किसी प्रकार की परेशानी न हो इस हेतु जिले के 13 उपार्जन केन्द्रो में विभागों एवं शाखा के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

### इन केन्द्रो में हो रही है गेहूँ व चना खरीदी

अभिनव सिंह बघेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट ने जानकारी देते हुए बताया कि बालाघाट जिले के 13 उपार्जन केन्द्रो आदिम जाति सेवा सहकारी समिति लामता उपार्जन केन्द्र लामता, सेवा सहकारी समिति पायली, उपार्जन केन्द्र पायली, सेवा सहकारी समिति बड़गॉव उपार्जन केन्द्र बड़गॉव, सेवा सहकारी समिति वारासिवनी, उपार्जन केन्द्र वारासिवनी, सेवा सहकारी समिति खैरलांजी उपार्जन केन्द्र किन्ही मंडी, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति कटंगी उपार्जन केन्द्र नंदलेसरा, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बैहर उपार्जन केन्द्र बैहर, सेवा सहकारी समिति दमोह उपाज्रन केन्द्र दमोह तरूण वेयर हाउस, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति परसवाड़ा उपाज्रन केन्द्र परसवाड़ा सावित्री वेयर हाउस, सेवा सहकारी समिति चिखलाझोड़ी उपार्जन केन्द्र चिखलाझोड़ी छपरवाही, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति लालबर्रा शासकीय गोदाम लालबर्रा, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बैहर उर्पाजन केन्द्र परसामाउ में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी एवं कृषि उपज मंडी बालाघाट, वारासिवनी, खैरलांजी, लालबर्रा बकोड़ा, कटंगी, बैहर मोहगांव, परसवाड़ा, लालबर्रा कनकी में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी का कार्य किया जा रहा है। 30 अप्रेल की दोपहर तक 655 किसानों से 14694 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की गई हैं। जिसका भुगतान कृषको के खातो में शासन के द्वारा किया जा रहा है।

### उपार्जन केन्द्र की व्यवस्था से खुश है किसान

लालबर्रा शासकीय गोदाम में गेहूँ विक्रय के लिए पहुचे किसान दिलीप कुमार टेंभरे धरपीवाड़ा ने बताया कि 18 क्विंटल गेहूँ लेकर आया था। केन्द्र में कोई समस्या नही है किसानों के बैठने के लिए छाव है और पीने के पानी की व्यवस्था की गई है केन्द्र के कर्मचारियों द्वारा पूरा सहयोग मिल रहा है। किसान ऐनलाल जामरे ने बताया कि उनके द्वारा 19 क्विंटल गेहूँ शासकीय गोदाम लालबर्रा में विक्रय के लिए लाया हूँ उपार्जन केन्द्र में की गई व्यवस्था से किसान खुश है। उपार्जन केन्द्र लालबर्रा के प्रभारी अतुल ठाकरे ने बताया कि शासकीय गोदाम लालबर्रा उपार्जन केन्द्र में 312 किसानों ने स्लॉट बुक कराई है जिसमें से 76 किसानों से 1346 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है तथा 1346 क्विंटल गेहूँ ऑन लाईन कर दी गई है।

## छात्रा हीना खान की मौत पर जांच की मांग, मुस्लिम जमात परिजनों संग थाने पहुंची

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट के भरवेली पंचायत के वार्ड क्रमांक 5 में रहने वाली 15 वर्षीय छात्रा हीना खान की मौत के मामले में मुस्लिम जमात ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। हीना खान का शव 28 अप्रैल को एक नाले की रेलिंग से फांसी पर लटका मिला था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

गुरुवार को हीना के माता-पिता और भरवेली के मुस्लिम जमात ने थाना प्रभारी से मुलाकात की। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि हीना को दो युवकों के साथ मोटरसाइकिल पर जाते देखा गया था।

जमात ने इस घटना को आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या बताया है। मुस्लिम प्रतिनिधि सैयद नियाकत अली ने आरोप लगाया कि हीना को फांसी लगाकर मारा गया है। पुलिस ने बताया है कि मामले की जांच अभी जारी है।

हीना अपने माता-पिता की इकलौती बेटी थी, जो मजदूरी करते हैं। उनकी संदिग्ध मौत से परिवार सदमे में है और वे निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने घटना के बाद हीना का मोबाइल उसके घर से जब्त कर लिया था। हालांकि, घटना के दो दिन बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर मुस्लिम समाज ने नाराजगी व्यक्त की है। सामाजिक लोगों ने थाने पहुंचकर हीना खान के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

## सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही से मरीज कोमा में, दो पर केस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट पुलिस ने शहर के सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के दो डॉक्टरों डॉ. हितेश कावडे और डॉ. श्रृष्टि जैन पर बीएनएस की धारा 125(बी) के तहत केस दर्ज किया है। यह मामला इलाज में लापरवाही से जुड़ा है, जिसके कारण एक मरीज कोमा में चला गया।

यह पूरा मामला मरीज विवेक तिरपुड़े (36) के इलाज से संबंधित है। उनके हाथ में चोट लगने के बाद ऑपरेशन किया गया था। आरोप है कि इस दौरान उन्हें एनेस्थीसिया का ओवरडोज दिया गया, जिसके कारण विवेक तिरपुड़े पिछले दो महीने से कोमा में हैं और उनका इलाज नागपुर में चल रहा है।

बालाघाट पुलिस ने शहर के सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के दो डॉक्टरों डॉ. हितेश कावडे और डॉ. श्रृष्टि जैन पर बीएनएस की धारा 125(बी) के तहत केस दर्ज किया है। यह मामला इलाज में लापरवाही से जुड़ा है, जिसके कारण एक मरीज कोमा में चला गया।

यह पूरा मामला मरीज विवेक तिरपुड़े (36) के इलाज से संबंधित है। उनके हाथ में चोट लगने के बाद ऑपरेशन किया गया था। आरोप है कि इस दौरान उन्हें एनेस्थीसिया का ओवरडोज दिया गया, जिसके कारण विवेक तिरपुड़े पिछले दो महीने से कोमा में हैं और उनका इलाज नागपुर में चल रहा है।

जांच टीम ने पाया कि डॉ. हितेश कावडे और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. श्रृष्टि जैन की लापरवाही के कारण ही मरीज तिरपुड़े कोमा की स्थिति में पहुंचे हैं। किम्स-किंग्सवे हॉस्पिटल नागपुर की एमआरआई रिपोर्ट में भी ब्रेन में ग्लोबल हायपॉक्सी इंजरी पाई गई। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

## कलेक्टर ने की ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा

**बालाघाट**। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने गुरुवार को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों (सीईओ), सहायक यंत्रियों एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्रियों की बैठक लेकर जिले में संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ भी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का सर्वे सुनिश्चित करें तथा पात्र होने के बावजूद वंचित लोगों को शीघ्र लाभ दिलाएं। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रकरण तैयार करने के निर्देश भी दिए।संबल योजना के तहत अंत्येष्टि सहायता राशि के भुगतान में हो रही देरी पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मृत्यु प्रमाण पत्र के अभाव में सहायता राशि का विलंब से वितरण अत्यंत आपत्तिजनक है। इस संबंध में एक वर्ष तक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं करने वाले पंचायत सचिवों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं प्रसूति सहायता प्रकरणों में समग्र ई-केवाईसी की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि हितग्राही महिलाओं को समय पर राशि का भुगतान हो सके।कलेक्टर ने पेयजल व्यवस्था को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी गांव में जल संकट की स्थिति नहीं बननी चाहिए। शासकीय हैंडपंप एवं कुओं पर यदि किसी व्यक्ति का एकाधिकार पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही ग्राम पंचायतों को जलकर एवं संपत्ति कर की प्रभावी वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पंचायत सचिवों एवं सरपंचों की नियमित बैठक आयोजित करने तथा जनपद सीईओ को अपनी टूर डायरी संधारित कर जिला पंचायत सीईओ को प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि टूर डायरी के आधार पर ही जनपद सीईओ का वेतन आहरित किया जाएगा। साथ ही ग्राम भ्रमण के दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए।

आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण पर जोर देते हुए कलेक्टर ने वहां शौचालय एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने ग्रामों में शादी, भंडारे एवं अन्य आयोजनों के बाद प्लास्टिक कचरे के ढेर पर चिंता व्यक्त करते हुए गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएम जन-मन योजना, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सीएम हेल्पलाइन के 50 दिन से अधिक लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर भी जोर दिया गया।

## बैनगंगा नदी में अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई, दो ट्रैक्टर ट्रॉलियां जब्त



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट**। बालाघाट जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में उप संचालक खनिज प्रशासन सुश्री फरहत जहां के निर्देशन में 29 अप्रैल मंगलवार को सुबह ग्राम कुम्हारी स्थित बैनगंगा नदी में छापामार कार्रवाई कर दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को अवैध रेत उत्खनन करते हुए जब्त किया गया है।खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल एवं शुभम बोपचे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस के साथ यह कार्रवाई सुबह करीब 4 बजे की गई। टीम को अपनी ओर आता देख वाहन चालक ट्रॉलियों को नदी में ही छोड़कर ट्रैक्टर के इंजन लेकर मौके से फरार हो गए। बाद में टीम ने अन्य ट्रैक्टर इंजन की मदद से दोनों ट्रॉलियों को बाहर निकलवाकर कलेक्टर कार्यालय स्थित खनिज शाखा परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया। जांच के दौरान ट्रॉलियों पर कोई चेसिस नंबर या पहचान अंकित नहीं मिला। मौके पर किसी भी व्यक्ति द्वारा स्वामित्व का दावा भी प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके चलते दोनों ट्रॉलियों को लावारिस स्थिति में जब्त किया गया है। खनिज विभाग के अनुसार जब्त ट्रॉलियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## कनकी रेत घाट पर लोक सुनवाई सफलतापूर्वक सम्पन्न, पर्यावरणीय पहलुओं पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**जिले के कनकी रेत घाट पर प्रस्तावित रेत खनन परियोजना को लेकर आयोजित लोक सुनवाई कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में परियोजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से पर्यावरणीय प्रभाव, जल स्त्रोतों पर संभावित असर और कृषि भूमि की सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर कई महत्वपूर्ण सवाल सामने आए।**



लोक सुनवाई में ग्रामीणों ने जहां एक ओर विकास और रोजगार की संभावनाओं का समर्थन किया, वहीं दूसरी ओर पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उपस्थित नागरिकों ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार का विकास कार्य स्थानीय संसाधनों और प्राकृतिक संतुलन को नुकसान पहुंचाए बिना होना चाहिए। उन्होंने मांग की कि खनन कार्य के दौरान वैज्ञानिक पद्धतियों का उपयोग किया जाए ताकि जल स्त्रोतों, वन क्षेत्र और कृषि भूमि पर न्यूनतम प्रभाव पड़े।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कनकी रेत घाट परियोजना के अंतर्गत लगभग 4.413 हेक्टेयर क्षेत्र में खनन कार्य प्रस्तावित है। परियोजना को पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना 2006 के तहत आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए आगे बढ़ाया जा रहा है। लोक सुनवाई के दौरान परियोजना से जुड़ी सभी जानकारियां सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत की गईं, जिससे आमजन को अपनी शंकाएं और सुझाव रखने का अवसर मिला। कंपनी के प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर आश्वासन दिया कि खनन कार्य पूरी तरह से निर्धारित नियमों और पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी आवश्यक उपाय अपनाए जाएंगे और स्थानीय लोगों के हितों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही यह भी बताया गया कि परियोजना से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

ग्राम पंचायत के सरपंच दुर्गा प्रसाद उइके ने अपने वक्तव्य में कहा कि गांव के विकास के लिए यह परियोजना महत्वपूर्ण साबित हो सकती है, लेकिन इसके साथ किए गए वादों को पूरी ईमानदारी से पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है, तो ग्रामीणों का विश्वास भी मजबूत होगा।

वहीं, खान प्रबंधक विवेक कुमार ने ग्रामीणों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि कंपनी कनकी क्षेत्र के विकास में पूर्ण सहयोग देगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि परियोजना के संचालन में सभी नियमों का पालन किया जाएगा और ग्राम विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय स्तर पर उठाई गई समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों ने भी स्पष्ट किया कि लोक सुनवाई का मुख्य उद्देश्य आमजन की राय जानना और उसे अंतिम निर्णय प्रक्रिया में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि सभी प्राप्त सुझावों और आपत्तियों को गंभीरता से लिया जाएगा और अंतिम रिपोर्ट में शामिल कर संबंधित प्राधिकरण को भेजा जाएगा।

इस दौरान पर्यावरणविदों और कुछ ग्रामीणों ने नदी के प्राकृतिक प्रवाह, भूजल स्तर और जैव विविधता पर संभावित प्रभाव को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मांग की कि खनन गतिविधियों की नियमित निगरानी की जाए और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## आगजनी में दो सराव जलकर हुई नष्ट, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान के साथ ही आगजनी की घटनाओं में ईजाफा देखने को मिल रहा है। बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट, कूड़े के ढेर, रिहायशी इलाकों और फसलों में आग लगने की प्रमुख घटनाएं बीते दिनों से लगातार सुनने और देखने को मिल रही है। जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है। गुरूवार 30 अप्रैल को कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम देवथाना में आगजनी की बड़ी घटना सामने आई है। यहां अज्ञात कारणों से मकान के सामने बनी दो सराव में भीषण आगजनी हुई है। इस घटना में सराव में रखा तमाम तरह का सामान जलकर नष्ट हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा परिसर आग की लपटों में घिर गया। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास और दमकल वाहन के सहयोग से जैसे-तैसे आग पर काबू पाया गया।

मिली जानकारी अनुसार सुबह करीब 11 बजे जयचंद पटले और डालीराम पटले की सराव से धूंआ उठते देखा गया कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सराव में रखे पशुचारे और लकड़ी की सामग्री ने आग को और भड़काने का काम किया। आग की लपटों को देख पूरे वार्ड में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत नगर परिषद के दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुँची दमकल की गाड़ी ने करीब 01 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सराव की छत और रखा सामान राख में बदल चुका था। पीड़ितों ने प्रशासन से शीघ्र सर्वे कर तत्काल मुआवजा प्रदान करने की मांग रखी है बता दें कि बीते 28 अप्रैल को ग्राम खजरी के गोड़ी टोला में भी भीषण आगजनी की घटना हुई थी।

## मई माह के अंतिम सप्ताह में गर्रा रेलवे ओव्हर ब्रिज से यातायात प्रारंभ होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट-गर्रा रोड पर वैनगंगा नदी के पुल के पहले बन रहे रेलवे ओव्हरब्रिज का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। इस ओव्हरब्रिज से मई माह के अंतिम सप्ताह में यातायात प्रारंभ होने की संभावना है।

बालाघाट एसडीएम श्री गोपाल सोनी एवं सेतु निर्माण संभाग के एसडीओ श्री ओमप्रकाश सनोडिया ने गत दिवस रेल ओव्हरब्रिज के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओव्हरब्रिज के शेष कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश किये। निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार द्वारा बताया गया कि ब्रिज का शेष कार्य 20 मई तक पूर्ण हो जाएगा और मई माह के अंतिम सप्ताह में ओव्हरब्रिज यातायात के लिए तैयार हो जाएगा। इस ओव्हरब्रिज से यातायात प्रारंभ हो जाने से बडे वाहनों को डेंजर रोड से घूम कर आना-जाना नही करना पडेगा और यातायात की सुगम सुविधा सुलभ हो जाएगी।



**//नाम परिवर्तन सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं Fatechand Singhi पिता Jitmal Singhi Jain निवासी वार्ड नं. 28, गोंदिया रोड बालाघाट, जिला बालाघाट का निवासी हूं। मेरा नाम ड्राइविंग लाईसेंस में फतेचंद जैन (Fatechand Jain) हैं, जो कि गलत हैं। जबकि आधार कार्ड व पेनकार्ड के अनुसार मेरा नाम फतेचंद सिंघी (Fatechand Singhi) लिखा हुआ हैं। जो कि सही व सत्य हैं। अतः मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में Fatechand Jain के स्थान पर Fatechand Singhi सुधार किया जाएं एवं लिखा व पढ़ा जावें।